# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS

## COMPILED BY MEDIA CELL (02.10.2024)

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE : 02.10.2024, PAGE-04**

# गांधी जयंती : 20 साल से बंद विवि का हेल्थ सेंटर आज से होगा शुरू

## परामर्श की सुविधा : छात्रों के साथ शिक्षक-कर्मचारियों की होगी स्वास्थ्य जांच

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में गांधी जयंती पर हेल्थ सेंटर शुरू होगा। 20 वर्षों से बंद पड़े हेल्थ सेंटर में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच कर परामर्श की सुविधा दी जाएगी। कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने बताया कि हेल्थ सेंटर के संचालन को लेकर विश्वविद्यालय ने भारत विकास परिषद और प्रसाद हॉस्पिटल के साथ करार किया है। 2 अक्टूबर को बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव हेल्थ सेंटर का उद्घाटन करेंगे। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय और भारत विकास परिषद के सहयोग से हेल्थ सेंटर में प्रतिदिन चिकित्सक और पारा मेडिकल स्टाफ मौजूद रहेंगे। जरूरी दवाएं भी हेल्थ सेंटर में निःशुल्क उपलब्ध रहेंगी। आसव हॉस्पिटल ने भी विश्वविद्यालय से संपर्क कर ओपीडी के संचालन में सहयोग देने की बात कही है। विश्वविद्यालय की ओर से अन्य अस्पतालों व संस्थानों से भी इसके संचालन को लेकर समन्वय किया जा रहा है। हेल्थ सेंटर सुबह 8 से शाम 4 बजे तक संचालित होगा। सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक डॉक्टर रहेंगे व ओपीडी का संचालन किया जाएगा। एएसजी की ओर से भी हेल्थ सेंटर में सप्ताह में दो दिन आंख से संबंधित समस्याओं के लिए निःशुल्क सेवा दी जाएगी। हेल्थ सेंटर से रेफर होने वाले पेशेंट्स को आधे दर पर आंख का ऑपरेशन व अन्य सुविधाएं दी जाएंगी।

### अलुमनी कार्यालय का भी उद्घाटन करेंगे विस अध्यक्ष

विवि के सेंट्रल लाइब्रेरी में अलुमनी एसोसिएशन का कार्यालय होगा। इसका उद्घाटन बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष करेंगे। हेल्थ सेंटर के उद्घाटन के बाद अलुमनी कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा। गांधी जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय के सीनेट सभागार में समारोह का आयोजन किया गया है। इसमें विधान सभा अध्यक्ष सहित अन्य अतिथि शामिल होंगे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE : 02.10.2024, PAGE-04**

परीक्षा नियंत्रक बोले • चार वर्षीय कोर्स लागू होने से परीक्षा का दबाव बढ़ गया है

## बिहार विवि में सितंबर में नहीं हुआ मिड सेमेस्टर टेस्ट, इंतजार करते रहे दो सेमेस्टर के स्टूडेंट्स

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्नातक के दो सेमेस्टर का इंटरनल एग्जाम सितंबर महीने में नहीं हो सका। स्नातक सत्र 2023-27 के थर्ड सेमेस्टर और सत्र 2024-28 के फर्स्ट सेमेस्टर के स्टूडेंट्स की फाइनल परीक्षा नवंबर में होनी है। दोनों सेमेस्टर का कॉलेज स्तर पर होनेवाला मिड सेमेस्टर एग्जाम सितंबर में ही होना था। लेकिन, टेस्ट अब तक नहीं हो सका। उधर, परीक्षा में लेट होने से छात्र-छात्राओं की चिंता बढ़ गई है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुस्नातन ने बताया कि दो दिनों की छुट्टी है। विश्वविद्यालय खुलने के बाद परीक्षा की तिथि निर्धारित कर कॉलेजों को पत्र भेजा जाएगा। स्नातक में सेमेस्टर सिस्टम लागू होने के बाद विश्वविद्यालय पर परीक्षाओं का दबाव बढ़ गया है। 3 वर्षीय कोर्स में पहले 3 परीक्षाएं ही होती थीं। वह भी समय। तब भी परीक्षा का सत्र लगातार अनियमित रहा। किसी तरह उसे पटरी पर लाया गया, तब तक 4 वर्षीय कोर्स लागू हो गया। इसमें सेमेस्टर की परीक्षा लेनी है, जो 6 महीने पर होगी। वहीं, मिड सेमेस्टर एग्जाम हर सेमेस्टर के बीच में कराना है। वैसे तो यह परीक्षा कॉलेज के स्तर पर ही होती है, लेकिन इसके लिए परीक्षा विभाग को कार्यक्रम निर्धारित करना है। उसी के आधार पर सभी कॉलेज परीक्षा लेकर मिड सेमेस्टर का मार्क्स परीक्षा विभाग को उपलब्ध कराते हैं। स्नातक के दो सत्र का एंड सेमेस्टर एग्जाम अगले महीने होना है। इनका मिड सेमेस्टर सितंबर में ही प्रस्तावित था। बता दें कि स्नातक सत्र 2023-27 के थर्ड सेमेस्टर में 1.30 लाख से अधिक स्टूडेंट्स हैं। वहीं, सत्र 2024-28 के फर्स्ट सेमेस्टर में करीब 1.60 लाख स्टूडेंट्स का एडमिशन हुआ है।

**फाइनल परीक्षा : फर्स्ट व थर्ड सेमेस्टर की नवंबर में होनी है**



### अगले महीने होगा फर्स्ट व थर्ड सेमेस्टर का एंड सेमेस्टर एग्जाम

स्नातक सत्र 2023-27 के थर्ड सेमेस्टर और सत्र 2024-28 के फर्स्ट सेमेस्टर का एंड सेमेस्टर एग्जाम नवंबर में होना है। इसकी तिथि विश्वविद्यालय ने परीक्षा कैलेंडर में ही तय कर दी थी। एक परीक्षा पहले पखवाड़े में और दूसरी परीक्षा दूसरे पखवाड़े में शुरू होगी। ऐसे में विश्वविद्यालय को तय समय पर परीक्षा कराने के लिए कैलेंडर के अनुसार शेड्यूल निर्धारित करना होगा। फर्स्ट सेमेस्टर में इस बार करीब 1.60 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। ऐसे में परीक्षा केंद्र की संख्या भी बढ़ जाएगी।

### मिड सेमेस्टर टेस्ट के लिए निर्धारित है 30% मार्क्स

4 वर्षीय स्नातक कोर्स के मिड सेमेस्टर टेस्ट यानी सीआईए (कंटीन्यूअस इंटरनल असेसमेंट) के लिए 30 फीसदी मार्क्स तय है। वहीं, ईएसई यानी एंड सेमेस्टर एग्जामिनेशन के लिए 70 फीसदी मार्क्स होता है। एमजेसी, एमआईसी, एमडीसी, एईसी व एसईसी में 30-30 मार्क्स का इंटरनल एग्जाम होता है। इसमें 15 मार्क्स का रिटेन टेस्ट, 10 मार्क्स का सेमिनार, क्विज, प्रजेंटेशन या असाइनमेंट और 5 मार्क्स अटेंडेंस के लिए होता है। दोनों के मार्क्स जोड़कर बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से फाइनल रिजल्ट जारी किया जाता है।

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE: 02.10.2024, PAGE-04**

## इंटीग्रेटेड बीएड प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट जारी, टॉप 10 में 42 स्टूडेंट्स, 400 सीटों के लिए 2860 दावेदार

**43% अभ्यर्थी सफल : 120 अंकों की परीक्षा में सर्वाधिक 90 अंक लाकर कुणाल टॉपर बने**

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विवि ने 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट तीसरे दिन ही जारी कर दिया। मंगलवार की शाम कुलपति आवास पर रिजल्ट जारी किया गया। 29 सितंबर को शहर के 13 केंद्रों पर प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। 43 फीसदी अभ्यर्थी क्वालिफाइड हुए हैं। कुल 120 अंकों की परीक्षा में सर्वाधिक 90 अंक लाकर कुणाल कश्यप टॉपर बने हैं। मेरिट लिस्ट में टॉप 10 में 42 स्टूडेंट्स को जगह मिली है। इंटीग्रेटेड बीएड कोर्स में 2860 अभ्यर्थियों को सफलता मिली है, जबकि 3782 विद्यार्थी असफल हुए हैं। रिजर्व कैटेगरी में कुल 2652 अभ्यर्थी हैं। इसमें छात्रों की संख्या 1594 और छात्राओं की संख्या 1058 है। वहीं, अनारक्षित कैटेगरी में 208 अभ्यर्थी सफल हुए हैं,



रिजल्ट जारी करते कुलपति।

जिसमें 78 छात्र और 130 छात्राएं हैं। कुलपति प्रो. डीसी राय ने परिणाम जारी करते हुए कहा कि पैट की तरह 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड प्रवेश परीक्षा और परिणाम में पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता बरती गई है। कुलपति ने बताया कि बीआरएबीयू के अंतर्गत आने वाले 4 बीएड कॉलेजों में 4 वर्षीय कोर्स बीए बीएड और बीएससी बीएड की पढ़ाई होती है। इन कॉलेजों में कुल 400 सीटें हैं। पहली बार विवि को चार वर्षीय बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए नोडल बनाया गया है। इंटीग्रेटेड बीएड सीईटी के नोडल प्रो. बीएस राय ने बताया कि कुल 120 अंकों की परीक्षा हुई थी। इसमें अनारक्षित कैटेगरी में छात्रों के लिए 54 अंकों पर पर रिजल्ट जारी किया गया है, तो छात्राओं के लिए 48 अंक पर रिजल्ट जारी हुआ है। इसी तरह आरक्षित कैटेगरी में 48 अंकों पर रिजल्ट जारी हुआ है।

### ये हैं टॉप 5 स्टूडेंट

- पहला स्थान- कुणाल कश्यप
- दूसरा स्थान- माधुरी कुमारी
- तीसरा स्थान- साक्षी प्रिया
- चौथा स्थान- प्रियांशु पंकज
- पांचवां स्थान- सुमन कुमार, अन्वी गुप्ता, सत्यम कुमार, निशांत कुमार सत्यजीत, आलोक कुमार व मो. नूर आलम

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
### BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
### PIN-842001 (BIHAR)
**Website:-www.brabu.net**


**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:02.10.2024, PAGE-06**

चार वर्षीय इंटीग्रेटेड **बीएड प्रवेश परीक्षा** का परिणाम जारी, 2860 हुए सफल

## टापर कुणाल को 120 में मिले 90 अंक

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने प्रवेश परीक्षा के एक दिन बाद ही चार वर्षीय बीएड का रिजल्ट मंगलवार की शाम जारी कर दिया। इसमें 120 अंक में से 90 अंक हासिल कर कुणाल कश्यप टापर बने। वहीं दूसरे स्थान पर रहीं माधुरी कुमारी को 87 है तीसरे स्थान पर रहीं साक्षी प्रिया को 86 अंक मिले हैं। टाप 10 की सूची में कुल 42 विद्यार्थियों ने जगह बनाई है। इंटीग्रेटेड बीएड कोर्स में कुल 2860 विद्यार्थियों ने सफलता पाई है। वहीं 3782 विद्यार्थी असफल हुए। रिजर्व कैटेगरी में कुल 2652 विद्यार्थी हैं। इसमें छात्रों की संख्या 1594 तो छात्राओं की संख्या 1058 है। दूसरी ओर अनारक्षित कैटेगरी में 206 विद्यार्थी सफल हैं। इसमें छात्र 76 और छात्राओं की संख्या 130 है।

**43** प्रतिशत छात्रों ने पाई सफलता, चार कालेजों में 400 सीटों पर होना है नामांकन

• परीक्षा के एक दिन बाद ही विश्वविद्यालय ने रिजल्ट जारी कर बनाया रिकार्ड



रिजल्ट जारी करते कुलपति प्रो. डीसी राय समेत अन्य अधिकारी • जागरण

**प्रवेश परीक्षा में टाप पांच में स्थान पाने वाले विद्यार्थी**

| | | |
|---|---|---|
| पहला स्थान | कुणाल कश्यप | 90 अंक |
| दूसरा स्थान | माधुरी कुमारी | 87 अंक |
| तीसरा स्थान | साक्षी प्रिया | 86 अंक |
| चौथा स्थान | प्रियांशु पंकज | 85 अंक |
| पांचवा स्थान | सुमन कुमार, अन्नी गुप्ता, सत्यम कुमार, निशांत कुमार सत्यजीत, आलोक व मो. नूर आलम | 84 अंक |

**दशहरा के बाद नामांकन के लिए काउंसिलिंग**

दशहरा के बाद चार वर्षीय बीएड कोर्स में नामांकन के लिए काउंसिलिंग होगी। इसका प्रस्ताव विश्वविद्यालय के स्तर से तैयार किया गया है। इसके लिए विश्वविद्यालय स्तर से टीम का गठन होगा। इसमें पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी। केवल 400 सीटों पर नामांकन होना है। दूसरी ओर परीक्षा में 2860 विद्यार्थियों ने सफलता पाई है। नोडल अधिकारी ने बताया कि नामांकन में किसी तरह की गड़बड़ी न हो इसके लिए पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी।

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:02.10.2024, PAGE-04**

बीआरएबीयू. 29 को प्रवेश परीक्षा, 6642 अभ्यर्थी हुए थे शामिल

## इंटीग्रेटेड बीएड का रिजल्ट जारी
## कुणाल कश्यप बने एग्जाम टॉपर

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर



इंटीग्रेटेड बीएड का परिणाम जारी करते कुलपति प्रो डीसी राय.

- एक दिन बाद ही जारी किया रिजल्ट
- बीआरएबीयू के चार कॉलेजों में 400 सीटों पर होगा नामांकन
- 2860 स्टूडेंट्स हुए हैं सफल

**टॉप पांच में ये स्टूडेंट्स**

- 1. कुणाल कश्यप
- 2. माधुरी कुमारी
- 3. साक्षी प्रिया
- 4. प्रियांशु पंकज
- 5. सुमन कुमार, अन्नी गुप्ता, सत्यम, निशांत, सत्यजीत, आलोक व मो नूर आलम

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:02.10.2024, PAGE-06

## 29 सिंतबर को हुई थी परीक्षा, तीसरे दिन ही रिजल्ट जारी करने का बनाया रिकार्ड

# बीएड प्रवेश परीक्षा में कुणाल टॉपर

**बीआरएबीयू**

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड का रिजल्ट मंगलवार शाम जारी किया। परीक्षा में कुणाल कश्यप ने टॉप किया है। उसे 120 अंकों में 90 अंक मिले हैं। रिजल्ट जारी करने के दौरान रजिस्ट्रार प्रो. अपराजिता कृष्ण, प्रॉक्टर व राज्य नोडल अधिकारी प्रो विनय शंकर राय, यूएमआईएस कोआर्डिनेटर प्रो. टीके डे और डॉ. अमर बहादुर शुक्ला भी मौजूद थे।

कुलपति ने बताया कि तीन दिन में सबसे जल्दी रिजल्ट जारी करने का रिकार्ड तैयार किया गया है। बीएड प्रवेश परीक्षा 29 सितंबर को हुई थी। उन्होंने कहा कि अगले साल वह राज्यपाल से आग्रह करेंगे कि दो वर्षीय बीएड प्रवेश परीक्षा कराने का मौका भी बीआरएबीयू को दें। पूरे राज्य में सबसे अधिक बीएड कॉलेज बीआरएबीयू में ही हैं। प्रॉक्टर प्रो. विनय शंकर राय ने बताया कि पहले स्थान के अलावा दूसरे स्थान पर माधुरी कुमारी हैं। माधुरी को 87 अंक, तीसरे स्थान पर साक्षी प्रिया को 86 अंक, चौथे स्थान पर प्रियांशु और सुमन कुमार को 85 अंक, पांचवें स्थान पर अवनी गुप्ता, सत्यम कुमार, निशांत कुमार, आलोक कुमार और मो नूर आलम हैं। सभी को 84 अंक मिले हैं। बीआरएबीयू ने पहली बार चार वर्षीय बीएड की प्रवेश परीक्षा कराई है।



मंगलवार को चार वर्षीय बीएड का रिजल्ट जारी करते कुलपति।

- चार वर्षीय बीएड में 120 में 90 अंक मिले कुणाल को
- दूसरे स्थान पर माधुरी और तीसरे स्थान पर साक्षी रहीं

### 400 सीटों पर लिया जाएगा दाखिला

चार वर्षीय बीएड में 400 सीटों पर दाखिला लिया जाएगा। पूरे बिहार में चार वर्षीय बीएड के चार कॉलेज बीआरएबीयू में ही आते हैं। कुलपति ने बताया कि परीक्षा पूरी तरह से साफ सुथरी हुई और रिजल्ट भी साफ सुथरा जारी किया गया है। अगर किसी छात्र को शिकायत है तो वह शिकायत कर सकता है।

### 6642 में 2860 परीक्षार्थी रहे सफल

कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने बताया कि चार वर्षीय बीएड में 6642 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिनमें 2860 परीक्षार्थी पास हुए हैं। आरक्षित श्रेणी से 2652 परीक्षार्थी सफल हुए हैं। इनमें 1594 पुरुष और 1058 महिलाएं हैं। सामान्य श्रेणी से 208 परीक्षार्थी पास हुए हैं, इनमें 78 पुरुष और 130 महिलाएं हैं। कुलपति ने बताया कि परीक्षा में कुल 43 प्रतिशत परीक्षार्थी पास हुए हैं। नोडल अफसर ने बताया कि दशहरा के बाद काउंसलिंग की तारीख जारी की जाएगी।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE : 02.10.2024, PAGE-06


# विवि में 20 साल बाद आज से शुरू होगा हेल्थ सेंटर



विश्वविद्यालय में स्वास्थ्य केन्द्र के उद्घाटन की चल रही तैयारी।

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरएबीयू में 20 साल बाद हेल्थ सेंटर फिर से शुरू होगा। दो अक्टूबर को विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव इसका उद्घाटन करेंगे। कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने मंगलवार को बताया कि हेल्थ सेंटर सुबह आठ से शाम चार बजे तक खुला रहेगा।

सेंटर में सुबह नौ से 12 बजे तक डॉक्टर बैठेंगे। हेल्थ सेंटर में सभी बेसिक दवाएं मौजूद रहेंगी। हेल्थ सेंटर में सप्ताह में छह दिन ओपीडी चलेगी। सेंटर के लिए विवि प्रशासन ने दो निजी अस्पतालों से एमओयू किया है। विवि के हेल्थ सेंटर से जो भी मरीज इन दोनों अस्पतालों में रेफर किये जाएंगे वहां मरीजों का आधी दर पर इलाज किया जाएगा। कुलपति ने बताया कि एक और निजी अस्पताल भी विवि के संपर्क में है। हेल्थ सेंटर में फिजिशियन के साथ आंख के डॉक्टर भी बैठेंगे। सेंटर में पारमेडिकल स्टाफ की भी तैनाती रहेगी। आंख के चश्मे का नंबर भी हेल्थ सेंटर में दिया जाएगा। सेंट्रल लाइब्रेरी में एलुमिनी एसोसिएशन के भी एक कमरे का उद्घाटन आज होगा।